...अभियंता (उत्तर) – पटना।

**दिनांक–09.01.2026 को मुख्य अभियंता(उत्तर), भवन निर्माण विभाग, पटना की अध्यक्षता में Construction of Block cum Circle Office at Bahadurpur Block in Darbhanga District कार्य के लिए आमंत्रित निविदा के तकनीकी बीड पर पुनर्विचार करने हेतु तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति के बैठक की कार्यवाही:–**

---

उपस्थिति–

| | | | |
|---|---|---|---|
| (i) | ई0 उमाकान्त कुमार,<br>मुख्य अभियंता(उत्तर),<br>भवन निर्माण विभाग, पटना। | – | अध्यक्ष |
| (ii) | ई0 विजय कुमार<br>अधीक्षण अभियंता,<br>भवन अंचल, दरभंगा। | – | सदस्य |
| (iii) | ई0 रविन्द्र कुमार रवि,<br>कार्यपालक अभियंता,<br>संरचना प्रमंडल, दरभंगा। | – | सदस्य |

| | | | |
|---|---|---|---|
| 1. | योजना का नाम | – | Construction of Block cum Circle Office at Bahadurpur Block in Darbhanga District |
| 2. | योजना की प्रशासनिक स्वीकृति की राशि | – | ₹16,62,10,000/– (ग्रामीण विकास विभाग, बिहार का ज्ञापांक–3556556, दि0–10.01.2025) |
| 3. | योजना की समेकित तकनीकी स्वीकृति की कुल राशि | – | ₹15,73,91,688/– (मुख्य अभियंता (वि0) का पत्रांक 987 (नि0) अनु0 दिनांक–11.07.2025 एवं मुख्य विद्युत अभियंता का ज्ञापांक–732(वि0) दिनांक–01.07.2025) |
| 4. | योजना अन्तर्गत विषयांकित कार्य हेतु परिमाण विपत्र की राशि | – | ₹15,33,21,567/– |
| 5. | निविदा आमंत्रण की तिथि | – | 25.05.2025 |
| 6. | निविदा प्राप्त (डाउनलोड) की अंतिम तिथि | – | 09.08.2025 |
| 7. | निविदा जमा (अपलोड) की अंतिम तिथि | – | 09.08.2025 |
| 8. | प्री–बीड की बैठक की तिथि एवं समय | – | दिनांक 28.07.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में मुख्य अभियंता (उत्तर) के कार्यालय कक्ष में एवं दिनांक 21.07.2025 को 3.00 बजे अपराह्न में अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा के कार्यालय कक्ष में। |
| 9. | कार्य समाप्ति की अवधि | – | 12 (बारह) माह। |
| 10. | निविदा प्रसारण का माध्यम | – | ई–निविदा एवं दैनिक समाचार पत्र |
| 11. | निविदा आमंत्रण सूचना प्रकाशन की तिथि एवं प्रकाशित समाचार पत्र का नाम | – | प्रभात खबर समाचार पत्र दिनांक–02.07.2025 |
| 12. | प्रकाशन का पी0आर0 संख्या | – | 07202(भवन)/2025–26 |
| 13. | निविदा में भाग लेनेवाले निविदाकार का नाम एवं पता | – | i) BEACON GLOBAL INFRA, BASANT KUMAR CHAUDHARY, PREM NAGAR, CENTRAL DELHI-110008<br>– ii) MAA VISHNAVI ENGICON PVT LTD., SIPARA, PATNA, (BIHAR) 800002<br>– iii) MAA VAISHNAVI INFRAZONE, BUDHAUL, NAWADA, BIHAR-805111 |

14. <u>वर्तमान में (प्रथम बार) आमंत्रित निविदा की कार्यवाही:-</u>

विषयांकित कार्य हेतु प्रथम बार आमंत्रित निविदा में तीन निविदाकारों द्वारा भाग लिया गया है। उक्त सभी निविदाकारों के तकनीकी बीड के अभिलेखों को अधीक्षण अभियंता, भवन अंचल, दरभंगा के पत्रांक-1033 दिनांक-18.08.2025 द्वारा मूल्यांकन हेतु भेजा गया। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा तीनों निविदाकार के तकनीकी बीड के अभिलेखों की जाँच व तकनीकी मूल्यांकन किये जाने का निर्णय इस शर्त के साथ लिया गया कि भाग लेने वाले सभी निविदाकारों द्वारा समर्पित किये गये समान प्रकृति कार्य अनुभव प्रमाण पत्र की जाँच में यदि अनुभव प्रमाण पत्र फर्जी/जाली/गलत पाया जाता है तो उक्त संबंधित निविदाकार पर बिहार ठिकेदारी निबंधन नियमावली-2007 के तहत समुचित कार्रवाई की जा सकेगी। तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति ने तकनीकी बीड के अभिलेखों के मुल्यांकनोपरांत/ जाँचोपरान्त पाया कि:-

(i) प्रथम निविदाकार BEACON GLOBAL INFRA, BASANT KUMAR CHAUDHARY, PREM NAGAR CENTRAL DELHI-110008 है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में "रिस्पॉन्सिव" पाया गया एवं तकनीकी बीड में "सफल" घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(ii) द्वितीय निविदाकार MAA VISHNAVI ENGICON PVT LTD., SIPARA, PATNA, (BIHAR) 800002 है। इनके द्वारा अपलोड किये गये कागजातों का तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा समीक्षा की गयी। समिति द्वारा जाँचोपरांत इन्हें एस0बी0डी0 की सभी कंडिकाओं में "रिस्पॉन्सिव" पाया गया एवं तकनीकी बीड में "सफल" घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

(iii) तृतीय निविदाकार MAA VAISHNAVI INFRAZONE, BUDHAUL, NAWADA, BIHAR-805111 है, जो पूर्व में (i) भागलपुर जिला के नवगछिया में खेल अवसंरचना (निर्माण कार्य की राशि ₹23,37,40,698/-) एवं (ii) जमुई जिलान्तर्गत सोनपे, जमुई में स्पोर्ट्स कॉम्पलेक्श के (निर्माण कार्य की राशि ₹29,73,67,363/-) निर्माण कार्य, (iii) दरभंगा जिलान्तर्गत प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, कुशेश्वरस्थान के (निर्माण कार्य की राशि ₹13,41,41,039/-) निर्माण कार्य, (iv) नावादा जिलान्तर्गत प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, गोबिन्दपुर के (निर्माण कार्य की राशि ₹11,74,21,642/-) निर्माण कार्य एवं (v) सारण जिलान्तर्गत प्रखंड-सह-अंचल कार्यालय, बनियापुर के (निर्माण कार्य की राशि ₹14,35,70,243/-) निर्माण कार्य आवंटित किया गया है। इस प्रकार निविदाकार को पूर्व में कुल ₹92,62,40,985/- मात्र का कार्य आवंटित हो चुका है जबकि इनका Bidding Capacity ₹1,00,01,21,406/- मात्र है। इस कार्य के लिए आपेक्षित राशि ₹15,33,21,567/- मात्र के विरूद्ध Bidding Capacity ₹7,38,80,421/- मात्र शेष है, जो मांगी गयी Bidding Capacity के अहर्त्ता को पूर्ण नहीं करता है। अतः इन्हें "नॉन-रिस्पॉन्सिव" पाया गया एवं तकनीकी बीड में "असफल" घोषित करने की अनुशंसा की जाती है।

15. <u>तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति का निर्णयः-</u>

उपरोक्त तथ्यों के आलोक में तकनीकी बीड मूल्यांकन समिति द्वारा सर्वसम्मति से प्रथम चार आमंत्रित निविदा में भाग लिये तीन निविदाकारों में से दो निविदाकार (i) "BEACON GLOBAL INFRA, BASANT KUMAR CHAUDHARY, PREM NAGAR, CENTRAL DELHI-110008", (ii) " MAA VISHNAVI ENGICON PVT LTD., SIPARA, PATNA, (BIHAR) 800002 " को तकनीकी बीड में 'सफल' एवं अन्य एक निविदाकार एवं (iii) " MAA VAISHNAVI INFRAZONE, BUDHAUL, NAWADA, BIHAR-805111" के 'असफल' घोषित करते हुए मुख्य अभियंता (उत्तर) तकनीकी बीड में सफल निविदाकारों का वित्तीय बीड खोलकर अग्रेत्तर कार्रवाई करेंगे।

16. इस कार्यवाही को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड की जाय।

| | | |
|---|---|---|
| (रविन्द्र कुमार रवि) | (विजय कुमार) 09/01/26 | (रमाज्ञा कुमार) |
| कार्यपालक अभियंता, | अधीक्षण अभियंता, | मुख्य अभियंता(उत्तर), |
| संरचना प्रमंडल, दरभंगा। | भवन अंचल, दरभंगा। | भवन निर्माण विभाग, पटना। |

मुख्य अभियंता (उत्तर) का कार्यालय

<u>भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना।</u>

ज्ञापांकः-भ०उ०वि०/यो०(दर०)-107/2025 330 पटना, दिनांकः-12/1/2026

प्रतिलिपि-आई०टी० मैनेजर, भवन निर्माण विभाग, बिहार, पटना को विभागीय वेबसाईट पर अपलोड करने हेतु प्रेषित।

12.1.26

मुख्य अभियंता (उत्तर)।